सुविधा स्वास्थ्य कार्ड

इस कार्ड को संभाल कर रखें, ये आपकी सुविधा है, इसे जांच के समय ज़रूर ले जायें

सुविधा
कॉपर-टी 380A

नामः ________________ उम्रः ______

पति का नामः ________________

पताः ________________

बच्चों की संख्याः ________________

सुविधा लगवाने की तिथिः ________________

लगाने वाले का नामः ________________

सुविधा कॉपर-टी लगवाने का स्थान–उपकेन्द्र/अस्पताल का नामः

जाँच की तारीख़	जाँच का विवरण	अगली जाँच करने की तारीख़	ए.एन.एम. के हस्ताक्षर

सुविधा कॉपर-टी क्यों लगवाई ?

"मै चाहती हूं पूरी आजादी। छोटी बच्ची डेढ़ साल की है, घर के काम-काज हैं और अपनी सेहत इसका भी तो ख्याल रखना है। अब जब बच्चा चाहिये होगा, निकलवा लेंगे।"

श्रीमती कमला रानी
उम्र : 25 वर्ष
जिला : उन्नाव

सुविधा कॉपर-टी क्यों लगवाई?

"दो बच्चे हो गये, हमारा परिवार पूरा हो गया, उपाय तो बहुत से हैं, यही है जो एक बार लगवा कर, 10 साल तक की सुरक्षा देता है, उसके बाद देखी जायेगी, फिर निकलवा लेंगे।"

समीरा
उम्र : 30 वर्ष
जिला : अलीगढ़

सुविधा कॉपर-टी क्यों लगवाई ?

"हमें कुछ सालों तक बच्चा नहीं चाहिए था। तो मैने कॉपर-टी लगवा ली शुरू शुरू में थोड़ी परेशानी तो थी, लेकिन कुछ ही दिनों में सब ठीक हो गया। हमें जब भी परेशानी हुई, अपनी ए.एन.एम. दीदी से पूछा और सलाह ली।"

रीतू
उम्र : 23 वर्ष
जिला : वाराणसी

सिफ्सा
SIFPSA
राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेन्सी
ओम कैलाश टावर, 19 ए विधान सभा मार्ग, लखनऊ -226 001

10 साल तक असरदार
जब चाहें निकलवायें

सिफ्सा
SIFPSA

गर्भ से सुरक्षा का सरल उपाय

सुविधा
कॉपर-टी 380A

प्रिय बहन,

सुविधा कॉपर-टी चुनने के लिए आपको बधाई। अब आप भी संसार की उन महिलाओं में से हैं जिन्होनें कॉपर-टी 380ए को अपनाया। अब न तो रोज-रोज का झंझट और न ही किसी और पर निर्भर रहने की जरूरत। सुविधा कॉपर-टी से मिलेगी आपको चिन्ता से आज़ादी।

सुविधा कॉपर टी 380ए गर्भ से सुरक्षा का सरल उपाय है। एक बार लगवा कर दस साल तक की सुरक्षा मिलती है। अब बार–बार बदलवाने की भी जरूरत नहीं, सुविधा कॉपर टी 10 साल के बाद बदली जाती है।

सुविधा कॉपर टी के बहुत से फ़ायदे हैं:

- इसको लगवाना आसान है।
- इसको निकलवाना भी आसान है। आप जब चाहें, तब इसे निकलवा सकती हैं।
- इसे निकलवाने के बाद आप तुरन्त गर्भ धारण कर सकती हैं।

  कॉपर-टी लगवाने के बाद आप समय–समय पर स्वास्थ्य केन्द्र जाकर, इसकी जांच करवाती रहें।

शुरू–शुरू में कुछ महिलाओं को माहवारी के समय अधिक खून जा सकता है या कमर अथवा पेडू में दर्द की शिकायत हो सकती है। कुछ महिलाओं में माहवारी आगे-पीछे और अधिक समय तक भी हो सकती है। इसमें चिन्ता की कोई बात नहीं। कुछ ही दिनों में माहवारी ठीक हो जाती है और आपको पता भी नहीं लगता कि आपने कॉपर-टी लगवा रखी है। अगर माहवारी या दर्द की शिकायत लम्बे समय तक चले, तो अपनी ए.एन.एम. बहन जी को या पास के सरकारी अस्पताल में दिखायें।

चिन्ता से आजादी दिलाने की सुविधा – सुविधा कॉपर-टी।

10 साल तक असरदार
जब चाहें निकलवायें

सुविधा कॉपर-टी 380 ए के लिए कुछ जरूरी बातें :

- हर माहवारी के बाद सुविधा कॉपर-टी 380 ए के धागों की जांच ज़रूर करें। जांच से पहले हाथों को धो लें।
- एक या दो ऊंगलियों को योनि में डाल कर धागों को छूकर देखें। अगर धागे नहीं हैं, तो तुरन्त अपनी ए.एन.एम. बहन जी के पास या सरकारी अस्पताल में जायें।
- कॉपर-टी के धागों को न खीचें। इससे कॉपर-टी अपनी जगह से हिल सकती है।
- सुविधा कॉपर-टी लगवाने के बाद यदि आपको कोई तकलीफ़ नहीं है, तो भी 3 से 6 हफ्ते के बीच अपनी ए.एन.एम. बहनजी के पास या सरकारी अस्पताल जाकर जाँच जरूर करवायें। जाँच के समय माहवारी नहीं होनी चाहिए।

गर्भ से सुरक्षा का सरल उपाय

सुविधा
कॉपर-टी 380A

कॉपर टी से जुड़ी कुछ गलत धारणायें

गलतफहमी		सच्चाई
✗ कॉपर-टी शरीर में ऊपर चढ़ जाती है		✓ कॉपर टी बच्चेदानी में रहती है, बच्चेदानी की दीवार के कारण शरीर में ऊपर नहीं चढ़ सकती।
✗ कॉपर-टी से गैस बनती है		✓ कॉपर-टी बच्चेदानी में लगायी जाती है जिसका पेट या हाजमे से कोई सम्बन्ध नहीं है। गैस, पेट या हाज़मे की गड़बड़ी के कारण बनती है।
✗ कॉपर-टी लगवाने से माहवारी में गड़बड़ी		✓ कॉपर-टी लगाने से किसी किसी महिला को कमर में दर्द रह सकता है, माहवारी में ज्यादा खून जा सकता है, परन्तु यह कुछ समय के लिए ही होता है और धीरे–धीरे ठीक हो जाता है।

Insert